सांवरिये तेरा मुझको दीदार हो जाए

सांवरिये तेरा मुझको,
दीदार हो जाए,
उजड़ा चमन फिर से,
मेरा गुलजार हो जाए,
सांवरिये तेरा मुझको.....

कैसे चलेगी मोहन,
तूफान में नैया,
तूफान में नैया,
हो जाए एक इशारा,
भव पार हो जाए,
उजड़ा चमन फिर से,
मेरा गुलजार हो जाए,
सांवरिये तेरा मुझको.....

ख्वाहिश मेरे जीवन की,
ज्यादा बडी नही,
ज्यादा बडी नही,
बस तेरी किरपा मुझपे,
इक बार हो जाए,
उजड़ा चमन फिर से,
मेरा गुलजार हो जाए,
सांवरिये तेरा मुझको.....

खाली नही जाऊंगा,
जिद पे अड़ा हूँ श्याम,
जिद पे अड़ा हूँ श्याम,
देखूं दयालु कैसे,
इंकार हो जाए,
उजड़ा चमन फिर से,
मेरा गुलजार हो जाए,
सांवरिये तेरा मुझको.....

कर दे मुरादे पूरी,
बस इतना सोच कर,
बस इतना सोच कर,
'बनवारी' मुझे भी तेरा,
ऐतबार हो जाए,
उजड़ा चमन फिर से,
मेरा गुलजार हो जाए,
सांवरिये तेरा मुझको.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26703/title/sanwariye-tera-mujhko-deedar-ho-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |